हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार 25 अप्रैल 2026

11 पंचायती राज दिवस गांव के समग्र विकास का संकल्प लेने...



12 वादा खिलाफी से भड़के जिले के सफाई कर्मचारी



**खबर संक्षेप**

### शिकायतों के निपटान में फतेहाबाद प्रदेश में अव्वल

**फतेहाबाद।** समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निपटान में फतेहाबाद जिला पूरे प्रदेश में निरंतर अव्वल स्थान पर है। हरियाणा सरकार में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता ने शुक्रवार को आयोजित समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक में इस उपलब्धि पर डीसी डॉ. विवेक भारती और जिला प्रशासन की कुशल प्रशासनिक कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर लंबित शिकायतों के निपटान पर जिला प्रशासन की कार्यशैली सराहनीय है।

### सब्जी विक्रेता का खोखा जला, हजारों का नुकसान

**रतिया।** शहर में सब्जी विक्रेता के खोखे में आग लग गई। इससे सब्जी विक्रेता का 30 हजार रुपए कीमत का सामान जलकर राख हो गया। यह घटना घग्घर पुल के पार बुढलाडा रोड पर हुई। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। बाईपास के पास बेरिकेड्स पर तैनात पुलिसकर्मियों ने खोखे से धुआं उठते देखा। इसके बाद उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड के हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

### ससुराल पक्ष पर धोखाधड़ी और साजिश का केस दर्ज

**फतेहाबाद।** अग्रवाल कॉलोनी निवासी महिला ने अपने पति और ससुरालजनों पर धोखाधड़ी व आपराधिक साजिश का आरोप लगाया है। इस मामले में फतेहाबाद पुलिस ने कोर्ट के आदेशों के बाद महिला के पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार अनाज मंडी क्षेत्र निवासी 33 वर्षीय पूनम बंसल ने एसीजेएम डॉ. मधुर बजाज की अदालत में अपने अधिवक्ता मनोज सनेजा के माध्यम से इस्तगासा दायर किया था।

### अग्रवाल धर्मशाला में रक्तदान शिविर 3 को

**रतिया।** भारत विकास परिषद् शाखा रतिया द्वारा नीटू गोयल के सहयोग से उनके पिता स्वर्गीय ओम प्रकाश गोयल धारसूल वाले की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में 3 मई दिन रविवार को गोगामेडी प्रांगण, नजदीक अग्रवाल धर्मशाला में 18वां रक्तदान शिविर सुबह 8.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। भाविप के गतिविधि संयोजक सेवा जनक राज गोयल ने बताया कि इस शिविर में बिना स्क्रीनिंग टेस्ट के रक्त वीर सीधा रक्तदान कर सकेगा। नीटू गोयल ने कहा कि जिस रक्त वीर को पहले कभी काला पीलिया हुआ हो तो वह रक्तवीर इस शिविर में रक्तदान ना करें।

## 28-29 अप्रैल को गरज के साथ छींटों के आसार, फिलहाल राहत नहीं

# गर्मी का प्रकोप : पारा 42 डिग्री पार, हीटवेव का येलो अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- घर में कैद लोग, बाहर निकलना हुआ मुश्किल

जिले में गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 4.7 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान भी 28 डिग्री दर्ज किया गया, जो औसत से लगभग 4.8 डिग्री ज्यादा है। लगातार बढ़ते तापमान के चलते जनजीवन प्रभावित होने लगा है। दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और लोग घरों में ही रहने को मजबूर दिखे। बाहर निकलने वाले लोग शीतल पेय पदार्थों का सहारा लेते नजर आए। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए भी हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया है। 26 व 27 अप्रैल को धूल भरी आंधी और बिजली चमकने की संभावना जताई गई है, हालांकि इससे गर्मी से खास राहत मिलने के आसार नहीं हैं और तापमान 40 डिग्री से ऊपर ही बना रहेगा। 28 व 29 अप्रैल को गरज के साथ हल्की बारिश या छींटे पडऩे की संभावना है, जिससे तापमान में थोड़ी गिरावट आ सकती है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 26 अप्रैल को आंशिक बादल छाने और हल्की बूंदाबांदी हो सकती है, जबकि 27-28 अप्रैल को आंधी व बारिश के आसार हैं। राजस्थान क्षेत्र में बन रहे साइक्लोनिक सर्कुलेशन के चलते हवाओं की दिशा में भी बदलाव संभव है।



फतेहाबाद। भीषण गर्मी में प्यास बुझाते गोवंश। फोटो : हरिभूमि

### पारा चढ़ते ही बिजली की मांग में उछाल एक दिन में 5 लाख यूनिट बढ़ी खपत

गर्मी बढने के साथ ही जिले में बिजली की मांग भी तेजी से बढ़ी है। पिछले 10 दिनों में बिजली खपत लगभग दोगुनी हो चुकी है। 19 अप्रैल को 33.76 लाख यूनिट खपत दर्ज की गई थी, जो लगातार बढ़ते हुए 23 अप्रैल तक 38.10 लाख यूनिट पहुंच गई। वहीं 24 अप्रैल को अचानक उछाल के साथ यह आंकड़ा 43.19 लाख यूनिट तक पहुंच गया। यानी महज 24 घंटे में करीब 5 लाख यूनिट की वृद्धि दर्ज की गई है। बढ़ती मांग के चलते बिजली व्यवस्था पर दबाव भी साफ नजर आने लगा है। शहरी क्षेत्रों में बिजली से जुड़ी शिकायतों का आंकड़ा 250 के पार पहुंच चुका है। अधिकारियों का कहना है कि मई-जून में गर्मी अपने चरम पर पहुंचने पर शिकायतों की संख्या 1 हजार प्रतिदिन तक जा सकती है।

### गर्मी बढ़ी तो बढ़ेगा लोड

जैसे-जैसे तापमान में वृद्धि होगी, एसी, कूलर और पंखों का उपयोग बढ़ेगा। इससे बिजली की मांग लगातार बढ़ेगी और सिस्टम पर दबाव भी बढ़ता जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में फिलहाल लोड नियंत्रित है, लेकिन पीक सीजन में ओवरलोडिंग की समस्या गंभीर रूप ले सकती है। कुल मिलाकर फतेहाबाद में बढ़ती र्मी ने जहां आमजन की दिनचर्या प्रभावित की है, वहीं बिजली व्यवस्था के लिए भी चुनौती खड़ी कर दी है। आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी के साथ हालात और कठिन हो सकते हैं।

**कल से खराब हो सकता है मौसम**

## मंडियों में 20 दिन बाद भी 45.6 लाख क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में पड़ी गेहूं की बोरियां।

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में गेहूं कटाई के बाद गेहूं का खरीद कार्य अंतिम चरण में है। हालांकि जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, वैसे ही मंडियों में आवक जोर पकड़ रही है। हालात यह है कि इस समय जिले की मंडियों में करीब 45.6 लाख क्विंटल गेहूं उठान के इंतजार में है। दरअसल बुधवार तक फतेहाबाद जिले की 7 मंडियों और 44 खरीद केंद्रों पर 71 लाख 27 हजार 662 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। इसमें से सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा अब तक 59 लाख 15 हजार 371 क्विंटल गेहूं की खरीद एमएसपी पर की जा चुकी है लेकिन हैरत की बात यह है कि इसमें से उठान मात्र 25 लाख 63 हजार 492 क्विंटल का ही हुआ है। यानि कि इस समय तक 45 लाख 64 हजार 170 क्विंटल गेहूं मंडियों में पड़ा है। इसका मतलब है कि ज्यादा गेहूं मंडियों में आया हुआ है, उसमें से करीब 36 फीसदी की ही लिफ्टिंग हो पाई है। 64 प्रतिशत गेहूं मंडियों में ही पड़ा है।

### इन मंडियों में गेहूं की आवक

| मंडी | गेहूं की आवक | गेहूं खरीद | उठान |
|---|---|---|---|
| फतेहाबाद | 1606783 | 1378910 | 551547 |
| भट्टू | 669652 | 515794 | 265376 |
| भुना | 1329911 | 921751 | 278554 |
| रतिया | 1740177 | 1550421 | 751357 |
| टोहाना | 876364 | 781883 | 351995 |
| जाखल | 408954 | 377858 | 231859 |
| धारसूल | 495821 | 388754 | 132804 |
| कुल | 7127662 | 5915371 | 2563492 |

(आंकड़े क्विंटल में)

### 1 लाख के अधिक के गेट पास जारी

जिले में बुधवार तक 1 लाख 4 हजार 973 किसानों के गेट पास जारी किए जा चुके हैं। कुल 71 लाख 27 हजार 662 क्विंटल गेहूं मंडियों में पहुंच चुका है, लेकिन इसके मुकाबले खरीद 59 लाख 15 हजार 371 क्विंटल ही हुई है।

## मई दिवस पर चार लेबर कोड रद्द करने की मांग को लेकर भूना में होगा जोरदार प्रदर्शन

- प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा

**भूना।** आगामी 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भूना के श्रमिक अपने अधिकारों के लिए हुंकार भरेंगे। इस दिन को मजदूर अधिकार दिवस के रूप में मनाते हुए ब्लॉक के मजदूर बड़ी संख्या में भूना नगर पालिका प्रांगण में एकत्रित होंगे, जहां सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा और प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चंद्रशेखर आजाद भवन में सीटू, सर्व कर्मचारी संघ और किसान सभा की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक सचिव नरेश कुमार ने की, जबकि संचालन सीटू से ओमप्रकाश अनेजा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा श्रमिक वर्ग के संवैधानिक अधिकारों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं, जिन्हें किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजदूरों की एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी एकजुटता के बल पर वे अपने हक की लड़ाई जीत सकते हैं। बैठक में मांग की गई कि 8 घंटे कार्य करने का कानूनी अधिकार सख्ती से लागू किया जाए।



भूना। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चर्चा करते सीटू, सकसं व किसान सभा के पदाधिकारी।

*संकरा रास्ता होने के कारण रहती थी हादसे की आशंका*

## फतेहाबाद रोड पर अतिक्रमण पर कार्रवाई कॉलेज दीवार के पास हटाए अवैध कब्जे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

नगर पालिका भूना द्वारा शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की गई। नगर पालिका सचिव दीपक कुमार के आदेशानुसार सफाई निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में टीम ने राजकीय महाविद्यालय की चारदीवारी के साथ किए गए अवैध कब्जों को हटाया। मिली जानकारी के अनुसार कॉलेज की दीवार के साथ टायर पंचर की दुकानें लगाने वाले दो दुकानदारों ने सडक़ किनारे अतिक्रमण कर रखा था। दुकानों के बाहर फैले सामान और अस्थायी ढांचे के कारण रास्ता संकरा हो गया था, जिससे आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती थी। स्थानीय लोगों द्वारा भी इस संबंध में शिकायतें मिल रही थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। टीम ने दुकानदारों को पहले समझाइश दी और इसके बाद सड़क किनारे रखा सामान हटवाया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



भूना। सड़क किनारे किया गया अतिक्रमण हटाते हुए नगरपालिका की टीम।

### दुकानदारों से अपील

सफाई निरीक्षक राहुल कुमार ने बताया कि सड़क पर अतिक्रमण होने से यातायात प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए नगर पालिका द्वारा समय-समय पर ऐसे अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाता है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और सार्वजनिक मार्गों को बाधित न करें। कार्रवाई के दौरान सफाई दरोगा सुनील कुमार व रोहित सहित नगर पालिका की टीम मौजूद रही। टीम ने भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

### बीएड कॉलेज में विश्व पुस्तक दिवस पर वॉल मैगजीन प्रतियोगिता, कुमकुम ने मारी बाजी



**फतेहाबाद।** मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस वॉल मैगजीन प्रतियोगिता का नेतृत्व पुस्तकालय अध्यक्ष मंगत कंबोज ने किया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सामाजिक और समसामयिक विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य रूप से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा उन्मूलन, कैशलेस सिस्टम, स्वच्छ भारत और दहेज प्रथा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को वॉल मैगजीन के माध्यम से दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने इन विषयों पर अपनी कलात्मकता दिखाते हुए बढ़-चढक़र भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा निर्णायक मंडल के सदस्यों सहायक प्रोफेसर अमनप्रीत कौर, मनीषा और कंचन द्वारा की गई। प्रदर्शन के आधार पर कुमकुम को प्रथम स्थान के लिए चुना गया। वहीं, ध्रुव ने दूसरा और कशिश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## अपराधों पर अंकुश लगाने को रात्रिभर चलाया नाइट डोमिनेशन अभियान

- 87 वाहनों को जांचा, 19 चालकों के खिलाफ किए चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने बीती रात्रि राजस्थान सीमा पर स्थित तलवाड़ा नाके पर विशेष नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना रहा। एसपी दीपक सहारण ने बॉर्डर नाके पर तैनात पुलिसकर्मियों से कहा कि जिले में प्रवेश करने वाले तथा बाहर जाने वाले सभी वाहनों एवं व्यक्तियों की गहन जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही, संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। सीमावर्ती क्षेत्रों, विशेषकर राजस्थान सीमा से जुड़े नाकों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती गई। अभियान के दौरान कुल 87 वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 19 वाहन चालकों के खिलाफ चालान किए गए। इस दौरान डीएसपी, एसएचओ, चौकी प्रभारी सहित काफी संख्या में पुलिस बल सक्रिय रूप से मौजूद रहा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने पुलिस कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी, सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें।



सिरसा। नाइट डोमिनेशन अभियान वाहनों की जांच करते हुए पुलिस कर्मचारी।

**जिले के गांव खरका में कार्रवाई**

## 18 साल से फरार दहेज उत्पीड़न का आरोपी काबू


- 2008 में मामला हुआ दर्ज, लगातार बदल रहा था ठिकाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

दहेज उत्पीड़न के मामले में पिछले 18 वर्षों से फरार चल रहे एक उद्घोषित अपराधी को थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने कैथल जिले के गांव खरका से गिरफ्तार किया है। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान सोना सिंह पुत्र अवतार सिंह, निवासी खरकां, कैथल के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2008 में थाना सदर फतेहाबाद में दहेज उत्पीड़न और अमानत में ख्यानत के तहत मामला दर्ज किया गया था। वारदात के बाद से ही आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था, जिसके चलते न्यायालय ने 16 सितंबर 2008 को उसे उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। पुलिस टीम ने साइबर सेल की तकनीकी मदद और गुप्तचरों से मिले इनपुट के आधार पर आरोपी का सुराग लगाया और दबिश देकर उसे काबू कर लिया।

## नागरिक जनगणना कार्य में करें सहभागिता : डीसी

**फतेहाबाद।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में जनगणना प्रक्रिया चल रही है। जिसके तहत 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना की जा रही है। स्व-गणना को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों को विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निकायों, पंचायतों के माध्यम से जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही हैं। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है। कॉलेज, स्कूल और आईटीआई संस्थानों में जागरूकता अभियान आयोजित कर विद्यार्थियों और आमजन को स्व-गणना प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जिलावासी पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एसई डॉट सेंसक्स डॉट जीओवी डॉट आईएन पर जाकर अपना पंजीकरण करें और इस राष्ट्रीय कार्य में भागीदारी निभाएं। इस सुविधा के माध्यम से अपने मकान, परिवार के सदस्यों तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का विवरण स्वयं दर्ज कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल बन सके।



डीसी डॉ. विवेक भारती।

**समस्या** 148 बच्चों पर सिर्फ 3 शिक्षक, दो के भरोसे चल रहीं 6 कक्षाएं, अभिभावकों में रोष

# शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहा बाहम्मणवाला स्कूल सरपंच ने भी बेटी का नाम हटाने के लिए लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

पंजाब सीमा से सटे गांव बाहम्मणवाला के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी के चलते शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि अब अभिभावकों का सरकारी स्कूल से भरोसा उठने लगा है। स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गांव के सरपंच ने भी अपनी बेटी का नाम स्कूल से कटवाने के लिए स्कूल मुखिया को पत्र लिख दिया।

ग्रामीणों के अनुसार पिछले वर्ष स्कूल में करीब 165 विद्यार्थी नामांकित थे, लेकिन इस बार यह संख्या घटकर 148 रह गई है। स्कूल में पहली से पांचवीं तक छह कक्षाओं के बच्चों को पढ़ाने के लिए मुख्य शिक्षक सहित केवल तीन शिक्षक ही कार्यरत हैं। इनमें से एक शिक्षक प्रशासनिक व कार्यालय संबंधी कार्यों में व्यस्त रहता है, जिसके चलते पढ़ाई का पूरा बोझ दो शिक्षकों पर आ जाता है। ऐसे में दो शिक्षक 148 बच्चों की छह कक्षाओं को कैसे संभालेंगे, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। शिक्षकों की कमी के कारण नियमित रूप से कक्षाएं नहीं लग पा रहीं, बच्चों को विषयवार पढ़ाई नहीं मिल रही और शिक्षा स्तर लगातार गिर रहा है। इसका सीधा असर नामांकन पर भी दिखाई देने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार शिक्षा विभाग और प्रशासन के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। अभिभावकों का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार निजी स्कूलों की महंगी फीस भरने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे में सरकारी स्कूल ही उनका सहारा है, लेकिन वहां भी पढ़ाई व्यवस्था ठप होने से बच्चों का भविष्य अंधकार में नजर आ रहा है।



### बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित

स्कूल शिक्षा समिति की प्रधान मनप्रीत कौर ने कहा कि शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। सरकार को इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। वहीं गांव के सरपंच ने कहा कि जब स्कूल में शिक्षक ही नहीं हैं तो बच्चों को भेजने का क्या लाभ। इसी कारण उन्होंने अपनी बेटी को हटाने की बात कही थी। हालांकि स्कूल मुखिया ने जल्द समाधान का भरोसा दिया है।

### मामले संबंधी रिपोर्ट भेजी

स्कूल के मुख्य शिक्षक गुरदीप सिंह ने बताया कि शिक्षकों की कमी संबंधी पूरी रिपोर्ट विभाग को भेजी जा चुकी है। उच्चाधिकारियों को स्थिति से अवगत करा दिया गया है और उम्मीद है कि जल्द अतिरिक्त स्टाफ तैनात किया जाएगा।

### खंड शिक्षा अधिकारी ने दिए आदेश

इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी शशि प्रकाश ने बताया कि मामला उनके और जिला शिक्षा अधिकारियों के संज्ञान में है। उन्होंने अपने स्तर पर एम.पी. स्रोत के जेबीटी अध्यापक सुमित को आगामी आदेशों तक बाहम्मणवाला स्कूल में नियुक्त किया है। वहीं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अनीता रानी ने गांव अहरवां स्कूल से अध्यापिका गोल्डी तथा हड़ोली स्कूल से मंजू रानी को डेपुटेशन पर भेजने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित शिक्षक जल्द कार्यभार संभाल लेंगे।



# किंग का नया टीजर जारी रिलीज डेट हुई कंफर्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की किंग इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं, पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर किंग का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि किंग क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की 'बॉलीवुड के बादशाह' के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।

लाइफ Style



# साई
## टाइपकास्टिंग से बचने कहना पड़ता है ना

साई ताम्हणकर इन दिनों वेब सीरीज 'मटका किंग' में नजर आ रही हैं, जो 60 के दशक के बैकग्राउंड पर आधारित एक दिलचस्प कहानी है। इस प्रोजेक्ट में वे बरखा जैसे दमदार किरदार में दिखाई दी हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपने किरदार, इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग, पैन इंडिया ट्रेंड, पर्सनल लाइफ और एक्टिंग के बदलते दौर और अपनी शादी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, टाइपकास्टिंग से बचना बहुत मुश्किल रास्ता है। इसके लिए एक एक्टर को अक्सर इंतजार करना पड़ता है कि उसे कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण ऑफर किया जाए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मैं इंडस्ट्री के दूसरे पक्ष को भी समझती हूं, जब कोई एक्टर किसी खास तरह के रोल में खुद को साबित कर देता है, तो उसे उसी तरह के रोल में कास्ट करना एक सेफ बेट माना जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि अब थोड़ा रिस्क लेने की जरूरत है। एक्टर्स को रीइमैजिन करना चाहिए, उन्हें नए नजरिए से देखना चाहिए और अलग अलग तरह के किरदारों में मौका देना चाहिए। मैंने खुद भी टाइपकास्टिंग का अनुभव किया है। ऐसे में इससे बचने का एक ही तरीका है, एक जैसे रोल्स को ना कहना। हालांकि यह फैसला आसान नहीं होता। यह जर्नी कई बार मानसिक, पेशेवर और आर्थिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लेकिन, अगर आपको अपने करियर में कुछ अलग हासिल करना है, तो यह कदम उठाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले मैंने एक फाउंडेशन के लिए एक गाने पर काम किया था, जिसे नागराज मुंगले ने डायरेक्ट किया था। उस दौरान हमारी थोड़ी सी बातचीत हुई थी और तभी से मेरे मन में कहीं न कहीं ये इच्छा थी कि मुझे उनके साथ फिर से काम करना है। जब मुझे पता चला कि 'मटका किंग' को वही डायरेक्ट कर रहे हैं, तो मेरे पास 'ना' कहने की कोई वजह ही नहीं थी। मुझे लगा कि यह एक बेहतरीन कोलैबोरेशन होगा, अच्छे कलाकार और पूरी टीम के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

हॉलीवुड मसाला

# दो साल बाद भारत लौटीं ग्लोबल आइकन



**मुंबई।** ग्लोबल पॉप सेंसेशन और 9 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं रिहाना गुरुवार रात को अचानक भारत आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर देर रात करीब 10:30 बजे उन्हें स्पॉट किया गया। बारबाडोस की सिंगर इससे पहले 2024 में अनंत अंबानी की शादी में भारत आई थीं। एक ओर जहां, मुंबई में लैंड होते ही उनके चेहरे पर बेहद खुशी नजर आई, वहीं मौके पर मौजूद पपाराजी का भी जोश देखने लायक रहा। उन्होंने रिरी-रिरी के नारों के साथ सिंगर का स्वागत किया। इसके साथ हमीडिया पर रिहाना के फोटोज और वीडियोज भी सकुर्लेट होने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिहाना भारत में अपने ब्यूटी और कॉस्मेटिक लाइन 'फेंटी ब्यूटी' के एक इवेंट के लिए आई हैं। अपने पिछले इंडिया टूर के बाद रिहाना ने अपनी दोस्त मेलिसा फोर्ड के इंस्टाग्राम लाइव में हिस्सा लिया था।




# 40 साल बाद भारत में फिर रिलीज होगी टॉम की टॉप गन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की ब्लॉकबस्टर फिल्म टॉप गन को रिलीज हुए इस साल 40 साल पूरे हो जाएंगे। अब इस मौके पर भारत में टॉप गन फिर से रिलीज होगी। खुद मेकर्स न इसकी घोषणा की है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने शुक्रवार को यह घोषणा की कि वह 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म और इसके 2022 के सीक्वल टॉप गन: मैवरिक को एक विशेष एक सप्ताह के लिए सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टॉम क्रूज के पीट 'मैवरिक' मिशेल को 15 मई से एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। 1986 में रिलीज हुई टॉप गन सुपरहिट थी। फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीन, एयरिय बैटल्स व डॉगफाइट्स और अमेरिकी वायु सेना के पायलटों की ग्लैमरस जिंदगी को दिखाया है। यह फिल्म टॉप गन के नाम से मशहूर फाइटर वेपन्स स्कूल में नौसेना के प्रतिभाशाली पायलटों के एक ग्रुप की कहानी है, जो बेस्ट बनने की होड़ में अपने विमानों और एक-दूसरे की क्षमताओं की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं। दिवंगत टोनी स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वैल किल्मर, एंथनी एडवर्ड्स, केली मैकगिलिस, मेग रयान और टॉम स्केरिट ने सहायक भूमिकाएं निभाईं। इस फिल्म ने टॉम क्रूज को सुपरस्टार बनाने में अहम भूमिका निभाई।



# एथलीट में बनाना चाहती हैं राहा का कॅरियर

**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा 3 साल की हो गई है, और आलिया अभी से अपनी बच्ची के भविष्य के लिए सोचने लगीं हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वे राहा को कौन से कॅरियर फील्ड में देखने पसंद करेंगी। इसमें चौंकाने वाली बात ये रही कि उन्होंने राहा के भविष्य में एक्टिंग या बॉलीवुड स्टार बनने का जिक्र नहीं किया। इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने अपनी सोच और पर्सनल लाइफ को लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लगता है जब सब कुछ एक टीम की तरह काम करता है। अगर मैं एथलीट होती, तो जरूर कोई टीम स्पोर्ट खेलती। ये बात मैं कभी-कभी सोचती भी हूं। यहां तक कि अपनी बेटी के लिए भी, मैं चाहती हूं कि वो एथलीट बने। वो बहुत कॉम्पिटिटिव है और काफी एक्टिव भी। वो अभी सिर्फ तीन साल की है, लेकिन बहुत उछल-कूद करती रहती है।



# इरफान की पान सिंह तोमर पर बनी डॉक्यूमेंट्री

**मुंबई।** इरफान खान का नाम बॉलीवुड के महान एक्टर्स की लिस्ट में शामिल किया जाता है। सोशल मीडिया पर लोग आज भी इरफान खान को याद करते हैं और उनकी फिल्मों की बात करते हैं। इरफान खान ने फिल्मों में जो भी रोल निभाया, उसे खूब प्यार मिला, लेकिन इरफान खान की फिल्म 'पान सिंह तोमर' के लिए लोगों के मन में अलग ही जगह है। अब इरफान खान की इसी फिल्म की मेकिंग पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई गई है। इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग इरफान खान की छठी पुण्यतिथि पर होगी। इरफान खान की छठी पुण्यतिथि, 29 अप्रैल को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस डॉक्यूमेंट्री का टाइटल- 'वह कहानी जो मरने से इनकार कर गई' है।

टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आएंगे विवियन

नई दिल्ली। रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में कौन-कौन से चेहरे नजर आएंगे, इसको जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। अब खतरों के खिलाड़ी 15 को लेकर बड़ा अपडेट आया है। शो में टीवी के वैम्पायर विवियन डीसेना की एंट्री होगी। फैंस विवियन का नाम जानने के बाद काफी उत्साहित हैं। विवियन पहले भी इस शो का हिस्सा रह चुके हैं। इससे पहले विवियव डीसेना बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। विवियन डीसेना की रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 15 में एंट्री कन्फर्म हो गई है। विवियन डीसेना बिग बॉस 18 में भी नजर आए थे। विवियन डीसेना शो के पहले रनर अप थे। करणवीर मेहरा बिग बॉस 18 के विनर थे। अगर विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी के अपकमिंग सीजन में नजर आते हैं तो ये पहली बार नहीं होगा जब विवियन डीसेना स्टंट बेस्ड रियलिटी शो में नजर आएंगे। विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 का हिस्सा थे। विवियन वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर शो में पहुंचे थे। खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 के विनर दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला थे। विवियन डीसेना को टीवी का वैंपायर कहा जाता है। स्टार वन के शो प्यार की ये एक कहानी में विवियन डीसेना ने अभय रायचंद नाम के वैम्यार का किरदार निभाया था। विवियन डीसेना के इस रोल को काफी पसंद किया गया था। इस शो में विवियन की लीड एक्ट्रेस सुकीर्ति कांडपाल थीं। इसके अलावा, विवियन डीसेना कलर्स के शो मधुबाला, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, सिर्फ तुम और उड़ारियां जैसे शोज में नजर आ चुके हैं।

## अनुपमा में होगी समीक्षा की एंट्री

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'अनुपमा' में श्रुति की एंट्री से हड़कंप मचने वाला है। शनिवार के दिन श्रुति की पहली झलक दिखाई जाएगी। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, श्रुति के आने की वजह से अनुपमा और उसकी बेटी राही का रिश्ता खराब हो जाएगा।



पहले श्रुति का किरदार सुकीर्ति कांडपाल ने निभाया था। जब अनुपमा से तलाक लेने के बाद अनुज कपाड़िया और राही उर्फ आध्या अमेरिका शिफ्ट हो गए थे, तब राही का ख्याल श्रुति ने ही रखा था। इतना ही नहीं, श्रुति, अनुज से प्यार करती थी और उससे शादी भी करना चाहती थी। वहीं, श्रुति का किरदार समीक्षा भटनागर निभाने वाली हैं। समीक्षा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'अनुपमा जैसे लोकप्रिय शो में इतना दमदार किरदार निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। यह शो लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुका है। ऐसे में मैं शुक्रगुजार हूं कि अब मैं भी इस सफर का हिस्सा बन गई हूं। राजन शाही सर का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मेरी काबिलियत को पहचाना।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं सातवें आसमान पर हूं। मेरी फिल्म 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' 24 अप्रैल को रिलीज हो गई है और ठीक उसी समय मेरा टीवी का सफर भी फिर से शुरू हो रहा है।

# बेटी न्यासा संग बिगड़ गया था काजोल का रिश्ता, आपस में झगड़ते थे

**मुंबई।** काजोल बड़े पर्दे पर एक दयालु मां का किरदार कई बार निभा चुकी हैं। असल जिंदगी में भी वह एक बेटी न्यासा और बेटे युग की परवरिश कर रही हैं। जब काजोल की बेटी न्यासा टीनएज में आई तो इनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ावा आए, एक वक्त तो दोनों के बीच खूब झगड़ते भी होते थे। हाल ही में काजोल ने लिली सिंह के पॉडकास्ट पर में अपनी जेन जी बेटी न्यासा और उसकी परवरिश में आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। वह कहती हैं, 'मैं उससे बहुत सारी बातें करती हूं। मैं उसकी हर बात समझाती हूं। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसे हमें मिलकर बनाना पड़ा है। जब वह टीनएज में आई तो हम दोनों ही बहुत ज्यादा परेशान थे। हम आपस में झगड़ते थे, कई बार हम दोनों ही बिना सोचे-समझे बातें कह देते थे। कई बार हम दोनों ही तर्कहीन बातें करते थे।'

## बेटी को लेकर बदली अपनी सोच



काजोल आगे कहती हैं, 'बड़े होने के नाते मैंने पहल की। खुद से कहा कि मुझे थोड़ा और समझदारी से काम लेना चाहिए। मैंने तय किया कि अब मैं न्यासा से झगड़ा नहीं करूंगी। मैं उससे बात करने की कोशिश करूंगी। मैं उससे तब तक बात करती रहूंगी जब तक वह मेरी बात सुनना शुरू न कर दे। धीरे-धीरे यह तरीका बातचीत में बदल गया, लंबी-लंबी बातचीत में हमारे बीच होने लगी। इसी बात से सबसे बड़ा फर्क पड़ा। पैरेंटिंग की यही मेरी सबसे बड़ी सीख थी।' काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह महारागिनी में नजर आएंगी। पिछले साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखी थीं। साथ ही उन्होंने ट्विंकल खन्ना के साथ एक टॉक शो 'टू मच' भी किया था। इस शो में बॉलीवुड सेलेब्स आकर अपने कई राज बताते थे।

# 86 की उम्र में भी काम करने को हैं मजबूर

**नई दिल्ली।** दिग्गज हास्य अभिनेता दिनेश हिंगू ने 86 साल की उम्र में अपने जीवन के बारे में खुलकर बात की है, और उन्होंने जो शेयर किया वह दिल छूने वाला है। अपनी अनोखी कॉमेडी से पीढ़ियों को हंसाने के लिए मशहूर इस एक्टर ने बताया कि आर्थिक जरूरतें खत्म नहीं हुई हैं, इसलिए वह आज भी काम पर जाते हैं। हाल ही में एक बातचीत में हिंगू ने कहा, 'मैं 86 साल का हूं। मैं कभी-कभी काम के लिए बाहर जाता हूं। हाल ही में मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई। अब ठीक है, डॉक्टर के पास जाने के लिए भी माल चाहिए ना। वो तो लूटते हैं कभी लाओ 5000, कभी 6000 रुपए लाओ। एक ऐसा व्यक्ति जिसने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है, जो दशकों से एक जाना-पहचाना चेहरा रहा है, उसे आज भी बुनियादी चिकित्सा खर्चों की चिंता सता रही है। यह फिल्म इंडस्ट्री में जिंदगी को बयां करता है, खासकर ऐसे एक्टर्स को जो कभी लीड रोल नहीं ले पाए लेकिन अनगिनत फिल्में कीं।



### कॉमिक टाइमिंग से छाए

हिंगू के कॅरियर की असली पहचान उनकी निरंतरता थी। उन्होंने बड़े किरदारों या भारी-भरकम डायलॉग्स पर भरोसा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने अपनी टाइमिंग, बॉडी लैंग्वेज और एक अनोखी हास्य शैली के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। नमक हलाल, करण अर्जुन, हम आपके हैं कौन..!, कुली नंबर 1 और गुप्त जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार रोल किए।

### तकदीर फिल्म से की एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत

13 अप्रैल, 1940 को बड़ौदा में जन्मे दिनेश हिंगू का भारतीय सिनेमा में लंबा और निरंतर सफर रहा है। भले ही उन्होंने हमेशा लीड रोल्स न किए हों, लेकिन उनकी प्रेजेंस को नजरअंदाज करना मुश्किल था। उनकी कॉमेडी, खासकर केवल अपने हाव-भाव और अलग आवाज से लोगों को हंसाने की उनकी क्षमता ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत 1967 में आई फिल्म तकदीर से की थी। अपने समय के कई एक्टर्स की तरह, उनकी सफलता रातोंरात नहीं मिली। यह एक के बाद एक फिल्म और एक के बाद एक रोल के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ने का सफर था। वर्षों के दौरान, उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे डायरेक्टर्स के भरोसेमंद चेहरों में से एक बन गए।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगा जोरदार मनोरंजन

# रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। मनोरंजन के शौकीन कुछ नई फिल्म और सीरीज की तलाश में होंगे। यूं तो सिनेमाघरों में माइकल और गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में शुक्रवार को रिलीज हो गई हैं। मगर, गर्मियां भी अपने पूरे रंग दिखा रही है। ऐसे में अगर आप घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही कुछ देखने का मन बना रहे हैं तो आपके पास अच्छे विकल्प हैं।

### प्रतिछाया

यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है। इस वीक से दर्शक इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से 'प्रतिछाया' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।




### स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85

इस वीकएंड आप इस सीरीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

### एपेक्स

यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीकएंड देख सकते हैं। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह फिल्म 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### 24

अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आए हैं। यह शो शुक्रवार 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्तूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ चुका है।

### हैप्पी राज

यह एक तमिल फिल्म है, जो इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन मारिया राजा ने किया है। वहीं, इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, अब्बास, श्री गौरी प्रिया और जॉर्ज मरियन अहम भूमिकाओं में हैं। अब यह फिल्म ओटीटी पर 24 अप्रैल से प्राइम वोडियो पर आ गई है।

### मार्टी सुप्रीम

अगर आपको स्पोर्ट्स ड्रामा देखना पसंद है तो ऑस्कर नामांकित फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' को इस वीक की लिस्ट में जोड़ सकते हैं। यह 1950 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी है। यह पिंग पोंग खिलाड़ी मार्टी माउजर पर आधारित है, जो पार्ट टाइम जूतों की दुकान पर सेल्समैन का काम भी करता है। उसके संघर्ष और खेल के प्रति जुनून को दिखाया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर आ गई है।

### बंद मेलम

यह तेलुगु भाषा की रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म की कहानी दो दोस्तों गिरी और राजी पर आधारित है, जिनकी दोस्ती बचपन से है। मगर, एक गलतफहमी की वजह से इनके बीच दूरी आ जाती है। फिर, एक मोड़ पर आकर इन्हें जिंदगी फिर मिलवाती है। यह फिल्म शुक्रवार को जी5 पर रिलीज हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस का वांछित भगोड़ा आरोपी दबोचा

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हुडा पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नही हुआ। अदालत ने आरोपी गुरप्रीत सिंह को बीती 24 नंबवर 2025 को पीओ घोषित कर सिविल लाइन थाना पुलिस को शीघ्र अति शीघ्र न्यायालय में पेश करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

### सिरसा जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को

**सिरसा।** न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि इस लोक अदालत में कुल सभी तरह के मामले निपटाए जाते हैं जो कोर्ट मे लंबित हो और इस लोक अदालत की प्रक्रिया सरल और साधारण है जिसे दोनों पक्षों की सहमति से निपटाया जाता है। लोक अदालत की प्रक्रिया बिल्कुल संक्षिप्त व साधारण है, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा किया जाता है। इस लोक अदालत में कुल सभी तरह के मामले निपटाए जाते हैं जो कोर्ट में लंबित हो।

### पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चुराने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। जेजे कॉलोनी पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि डबवाली रोड निवासी बलवंत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बाइक ग्रीन पार्क से चोरी हो गया। पीड़ित की शिकायत के आधार पर थाना शहर सिरसा में बाइक चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जेजे कॉलोनी पुलिस की एक टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अमनदीप निवासी गांव भरोखां को ग्रीन पार्क सिरसा क्षेत्र से काबू कर लिया।

### भूना में अवैध पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए फतेहाबाद की टीम ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार और कारतूस सहित काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक 32 बोर की पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सीआईए फतेहाबाद के प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि उपनिरीक्षक बलजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम भूना रोड स्थित बाबा राणाधीर मोड़ के पास गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर पीछे मुड़कर भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेराबंदी कर काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुशील कुमार उर्फ शीलू निवासी ढक्की मोहल्ला, भूना के रूप में हुई है।

### गांजा तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ जारी अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अशोक नगर क्षेत्र से फरार चल रहे एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुनील उर्फ सन्नी निवासी अशोक नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद की प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अपने घर से अवैध नशा बेचने का काम करता है। सूचना के आधार पर जब पुलिस टीम ने उसके घर पर छापेमारी की, तो आरोपी हाथ में एक प्लास्टिक का थैला लेकर छत की ओर भागा और उसे वहां फेंककर फरार हो गया।

## गांव मताना में कार्यक्रम, विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

# पंचायती राज दिवस गांव के समग्र विकास का संकल्प लेने का दिन : दलबीर वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** मताना में पंचायती राज दिवस पर आयोजित ग्राम सभा को संबोधित करते सरपंच दलबीर वर्मा।

गांव मताना में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। इसी दिन वर्ष 1993 में 73वां संविधान संशोधन लागू हुआ था, जिसने देश में ग्रामीण पंचायतों को संवैधानिक दर्जा, कानूनी अधिकार और एक नई पहचान प्रदान की थी। इस अवसर पर गांव मताना में विशेष ग्राम सभा की बैठक का आयोजन किया गया। सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करना, पंचायत प्रतिनिधियों को जागरूक करना और गाँव के विकास कार्यों को नई दिशा देना रहा। बैठक के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और गांव में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से अवगत करवाया गया। ग्राम पंचायत मताना ने अपनी अब तक की उपलब्धियों का विवरण साझा किया, साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु उचित आश्वासन दिया। सभा के अंत में भविष्य के विकास कार्यों की रूपरेखा और योजनाएं भी तय की गईं। सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस वास्तव में 'गांव की सरकार' के सम्मान और गांव के समग्र विकास का संकल्प लेने का दिन है। गौरतलब है कि सरपंच दलबीर वर्मा जिला फतेहाबाद के सबसे अधिक शिक्षित और सर्वाधिक डिग्री धारक सरपंच हैं। उनके नेतृत्व में मताना पंचायत ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। मताना जिला फतेहाबाद की पहली ड्रग फ्री बनने वाली पंचायत है। इसके साथ ही यह गांव पूरी तरह से खुले में शौच मुक्त और बाल विवाह मुक्त घोषित हो चुका है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ग्राम सचिव सुनीला सुथार, पंच राजेश किरोड़ीवाल, चंद्र मोहन वर्मा, पंच मुकेश वर्मा, पंच सुदेश भोभीया, पंच पूनम खटक, पंच मंगल सिंह, पंच कविता वर्मा, पंच सुनीता गोदारा और पंच सोना देवी साहरण उपस्थित रहे। इनके साथ ही पूर्व सरपंच सूरत सिंह भोभरिया, पूर्व पंच इंद्र निरानिया, छोटू राम निम्बीवाल सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### क्रेसंट स्कूल में पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम, विद्यार्थियों ने दिया 'सशक्त पंचायत, सशक्त भारत' का संदेश




**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में पंचायती राज दिवस बड़े हर्ष, उल्लास एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसने सभी विद्यार्थियों ने ग्रामीण विकास के प्रति नई सोच जगाई। नव्या, विधि व हरसिमरत के अत्यंत आत्मविश्वास एवं आकर्षक मंच संचालन में कीर्ति, कीरत व हर्षित ने दिन का प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत करते हुए स्वशासन एवं ग्राम विकास के महत्व को उजागर किया। संजू व हार्दिक ने अपने व्याख्यान के माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था की महत्ता, ग्राम पंचायतों की भूमिका एवं देश के समग्र विकास में उनके योगदान का प्रभावशाली वर्णन किया। भावना एवं यशप्रीत ने भावपूर्ण कविता 'गांव-गांव में खुशियां आई, भारत की सच्ची पहचान, बसता है गांवों में इसका मान' के माध्यम से सभी के मन में ग्रामीण जीवन की सरलता, एकता एवं आनंद का सजीव चित्र प्रस्तुत कर दिया। इवांशी द्वारा पूछे गए पंचायती राज दिवस से संबंधित रोचक सामान्य ज्ञान प्रश्नों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा को बढ़ाया, वहीं हान्या, मुखिल व रेहान के जोशीले नारों ने पूरे वातावरण को देशभक्ति एवं उत्साह से भर दिया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने पंचायती राज की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सशक्त पंचायत ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। उनके शब्दों ने सभी विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने की प्रेरणा दी।


सिरसा। सेमिनार को संबोधित करते प्रो. सुरेश मिश्रा।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर व्याख्यान ग्रामीण लोकतंत्र की मजबूती पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन तथा इतिहास एवं आर्कियोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस ग्रामीण लोकतंत्र का उत्सव विषय पर एक ऑन लाइन विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (आईआईपीए) नई दिल्ली के वरिष्ठ प्रो. सुरेश मिश्रा ने पंचायती राज व्यवस्था के महत्व, उपलब्धियों और चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग तथा महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने ग्राम सभा तथा पंचायती राज की त्रिस्तरीय संरचना को स्थानीय लोकतंत्र की सुदृढ़ नींव बताते हुए कहा कि यह व्यवस्था लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक मजबूत करती है।

### विभिन्न विषयों पर छात्रों को दी जानकारी

प्रो. मिश्रा ने अपने व्याख्यान में सोशल मोबिलाइजेशन, इंडीजीनियस नॉलेज सिस्टम, केंद्र एवं राज्य वित्त आयोग तथा जिला योजना समिति जैसे विषयों पर भी विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी और वर्तमान चुनौतियों पर विचार सांझा किए। प्रो. सुल्तान सिंह ढांडा ने 73वें संविधान संशोधन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सुशासन में डिजिटलाइजेशन की भूमिका और विद्यार्थियों की भागीदारी पर भी जोर दिया, साथ ही निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए साक्षरता की आवश्यकता को रेखांकित किया।कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव राजनीति विज्ञान विभाग के चेयरपर्सन प्रो. राजबीर सिंह दलाल ने प्रस्तुत किया। उन्होंने मुख्य वक्ता के विचारों की सराहना करते हुए कहा कि यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर इतिहास एवं आर्कियोलॉजी विभाग के चेयरपर्सन प्रो. विष्णु भगवान, प्रो. राजकुमार सिवाच, प्रो. सत्यवान दलाल, डॉ. नीलम, डॉ. रितु, प्राध्यापक पंकज एवं सुनील कुमार सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 10वीं व जेईई मेन्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित


**भूना।** विश्वास स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

सीबीएसई की 10वीं कक्षा के शानदार परिणाम और आईआईटी जेईई मेन्स में मेरिट हासिल करने वाले विद्यार्थियों को शुक्रवार को स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर उनकी उपलब्धियों को सराहा गया। 10वीं कक्षा के परिणाम में खंड भूना में प्रथम स्थान शिवांगी और वंशिका ने संयुक्त रूप से 95.6 प्रतिशत अंक लेकर हासिल किया। वहीं पारुल ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि आसमा दहिया ने 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 25 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर स्कूल, अभिभावकों और क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं आईआईटी जेईई मेन्स परीक्षा में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भूमिका ने 99.6 पर्सेंटाइल, आर्यन ने 93.71 पर्सेंटाइल, जबकि काफ़ी और नैनो ने 83.24 पर्सेंटाइल हासिल कर सफलता का परचम लहराया। स्कूल संचालिका स्वर्णिका खुराना, प्राचार्य मुकेश मोंगिया और उप-प्राचार्य डॉ. सौरभ खुराना ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बार काउंसिल चुनाव में अजय चौधरी की जीत का जश्न, अधिवक्ताओं ने मिठाई बांटकर जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** अजय चौधरी की जीत पर लड्डू बांटते वकील।

पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के सदस्य चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद जिला बार एसोसिएशन फतेहाबाद में हर्ष का माहौल है। एडवोकेट अजय चौधरी की शानदार जीत की सूचना मिलते ही स्थानीय वकीलों ने एक-दूसरे को बधाई दी और जीत का जश्न मनाया। अजय चौधरी की इस सफलता पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सुशील बिश्नोई के सुपुत्र एडवोकेट साहिल बिश्नोई ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान साहिल बिश्नोई ने उपस्थित अधिवक्ताओं का मुंह मीठा करवाया और लड्डू बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। साहिल बिश्नोई ने कहा कि अजय चौधरी की जीत केवल एक व्यक्ति की जीत नहीं है, बल्कि यह उन तमाम अधिवक्ताओं के विश्वास की जीत है जिन्होंने उन्हें समर्थन दिया। गौरतलब है कि पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के इस चुनाव में फतेहाबाद जिले के वकीलों का अजय चौधरी को भरपूर समर्थन और सहयोग प्राप्त हुआ था।

### एकजुट होकर चौधरी के पक्ष में किया मतदान

जिले के अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर उनके पक्ष में मतदान किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने इस महत्वपूर्ण चुनाव में जीत दर्ज की है। वकीलों का मानना है कि अजय चौधरी के परिषद में जाने से स्थानीय अधिवक्ताओं की समस्याओं को मजबूती से उठाया जा सकेगा और बार काउंसिल के कार्यों में पारदर्शिता आएगी। इस खुशी के अवसर पर एडवोकेट साहिल बिश्नोई के साथ मुख्य रूप से एडवोकेट विष्णु मांजू, अमनदीप सिंह, अनूषा, भरत शर्मा सहित भारी संख्या में अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। सभी ने अजय चौधरी के उज्जवल भविष्य की कामना की और उम्मीद जताई कि वे भविष्य में भी वकीलों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहेंगे।

## मानवता की सच्ची सेवा है रक्तदान, समाज को नई दिशा दे रहा निरंकारी मिशन : सुभाष बराला

- निरंकारी भवन में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना


**टोहाना।** शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते सांसद सुभाष बराला।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शुक्रवार को निरंकारी भवन में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आयोजित विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस शिविर का शुभारंभ करते हुए सांसद ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में एकजुटता का संदेश भी प्रसारित करते हैं। शिविर के दौरान सांसद सुभाष बराला ने प्रत्येक रक्तदाता पास जाकर उनका कुशलक्षेम जाना और प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भाव से किया गया रक्तदान वास्तव में मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। जो लोग अज्ञात व्यक्तियों के प्राण बचाने के लिए अपना रक्त दान करते हैं, वे समाज के असली नायक हैं। उनका यह योगदान समाज में प्रेम, दया और परोपकार की एक नई ऊर्जा का संचार कर रहा है।

रक्तदान महादान के महत्व को बताते हुए बराला ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और यह केवल एक मानव द्वारा दूसरे मानव को दिया जाने वाला जीवन का उपहार है। यह दान केवल एक शारीरिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसी टूटती हुई सांस को उम्मीद देने का माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस पुनीत कार्य को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं ताकि समय पर रक्त की उपलब्धता न होने के कारण किसी का जीवन संकट में न पड़े। सासंद ने संत निरंकारी मिशन की सामाजिक गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह मिशन आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सांसद ने आयोजन के लिए संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के स्थानीय पदाधिकारियों, चिकित्सकों की टीम और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। शिविर के समापन पर फाउंडेशन द्वारा सांसद सुभाष बराला को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### एसपी ने स्व-गणना के तहत स्वयं पंजीकरण कर किया प्रेरित

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने शुक्रवार को स्व-गणना के लिए अपना पंजीकरण किया। इस मौके पर उन्होंने पुलिस कर्मचारियों व आमजन से अपील की कि वे भी पहली बार डिजिटल माध्यम से हो रही जनगणना में भाग लें। इस बार स्व-गणना का विकल्प दिया गया है। परिवार का कोई भी सदस्य अपने मोबाइल से भी स्व-गणना में भाग ले सकता है। पोर्टल पर जाकर आमजन अपने मकान व खुद के बारे में जानकारी दर्ज कर सकता है। यह केंद्र सरकार की अच्छी पहल है, इससे प्रगणक को गणना करने में लाभ होगा। साथ ही स्वयं द्वारा डाटा भरने के कारण सटीकता और पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा कि जनगणना से ही देश की भावी योजनाओं की प्लानिंग तैयार की जाती है। इसलिए गणना कार्य में खुद की सहभागिता दिखाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जनगणना का डाटा पूरी तरह से सुरक्षित और गोपनीय होता है, इसलिए बेहिचक इसमें अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

## न्यूज डायरी

### जिला विज्ञान विशेषज्ञ ने किया निरीक्षण

**सिरसा।** जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार द्वारा शुक्रवार को राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन सिरसा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पाया कि विद्यालय में अब तक कक्षा 6 से 8 तक कुल 185 विद्यार्थियों का दाखिला हो चुका है। विद्यालय की सबसे विशेष और सराहनीय पहल यह देखने को मिली कि प्रत्येक कक्षा-कक्ष में साइंस किट को सुव्यवस्थित ढंग से स्थापित किया गया है। यद्यपि विद्यालय में अलग से विज्ञान प्रयोगशाला उपलब्ध नहीं है, फिर भी प्रत्येक कक्षा में ही विज्ञान गतिविधियों के लिए किट बॉक्स लगाए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को वहीं बैठकर प्रयोगात्मक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। यह व्यवस्था वास्तव में सीखते हुए करना की अवधारणा को सशक्त बनाती है। विद्यार्थी इन गतिविधियों में अत्यंत रुचि और उत्साह के साथ भाग लेते हुए दिखाई दिए, जो उनकी जिज्ञासा और सीखने की ललक को दर्शाता था। विद्यालय की विज्ञान अध्यापिका शकुंतला का योगदान विशेष रूप से देखने को मिला जो प्रत्येक वर्ष बच्चों का नामांकन मिशन बुनियाद, एनएमएमएस एवं इंस्पायर अवार्ड मानक जैसी योजनाओं में नियमित रूप से करवाती हैं। इसके अतिरिक्त, विद्यालय के तीनों कक्षा-कक्षों में डिजिटल बोर्ड भी स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से शिक्षण को और अधिक प्रभावी एवं रोचक बनाया जा रहा है। डॉ. मुकेश कुमार ने संपूर्ण व्यवस्था के बाद विद्यालय निरीक्षण को संतोषजनक बताया।

### शांति निकेतन स्कूल में निःशुल्क दंत जांच शिविर

**भूना।** शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क दंत जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बंसल मल्टी स्पेशलिटी डेंटल क्लीनिक के दंत चिकित्सक डॉ. दीपक बंसल ने पहुंचकर बच्चों के दांतों की जांच की और उन्हें दंत स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. बंसल ने विद्यार्थियों को बताया कि स्वस्थ दांत अच्छे स्वास्थ्य की पहचान होते हैं। उन्होंने बच्चों को दिन में दो बार ब्रश करने, अधिक मीठा खाने से परहेज रखने और समय-समय पर दांतों की जांच करवाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मुंह की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना बेहद जरूरी है, क्योंकि छोटी लापरवाही आगे चलकर बड़ी समस्या बन सकती है। शिविर के दौरान कई विद्यार्थियों की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार संबंधी सुझाव भी दिए गए। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर बालकिशन गिरधर ने कहा कि विद्यार्थियों का स्वास्थ्य विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के साथ बच्चों का शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना भी जरूरी है, इसलिए समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

### अलग-अलग कार्रवाई में चार तस्कर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए रतिया और टोहाना क्षेत्रों से चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इन अलग-अलग कार्यवाहियों में पुलिस ने कुल 44.7 ग्राम हेरोइन बरामद की है और सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए हैं। थाना सदर रतिया की टीम ने नांगल-हाकमवाला कच्चे रास्ते पर नाकाबंदी के दौरान सर्वजीत सिंह उर्फ सरबू निवासी नांगल को 24.79 ग्राम हेरोइन के साथ काबू किया। दूसरे मामले में सीआईए टोहाना की टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर टोहाना-रतिया रोड स्थित बाईपास टी-प्वाइंट से विकास निवासी गांव किरोड़ी, हिसार को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 8.07 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। तीसरे मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने बुढलाडा रोड बाईपास पर गश्त के दौरान गौरव उर्फ राहुल निवासी वार्ड नंबर 12, रतिया को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। टीम ने उसके कब्जे से 5.77 ग्राम हेरोइन बरामद की। चौथे मामले में सीआईए रतिया की टीम ने मिनी बाईपास टी-प्वाइंट से अमनदीप उर्फ जुगली निवासी हनुमान चौक, रतिया को गिरफ्तार किया। आरोपी की जेब से 6.07 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

## कल सिरसा में होगा वास्तु शास्त्र का महाउत्सव

# वास्तु शास्त्र में है करियर की अपार संभावनाएं: श्वेता गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। पत्रकारों से बात करते हुए आचार्या श्वेता गर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

आचार्या श्वेता गर्ग ने कहा कि वास्तु शास्त्र एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है, जो घर, ऑफिस या किसी भी स्थान की दिशा, संरचना और ऊर्जा के संतुलन के आधार पर जीवन को बेहतर बनाने में मदद करता है। वास्तु में करियर की भी अपार संभावनाएं हैं। आचार्य श्वेता गर्ग शुक्रवार को मीडिया कर्मियों से रूबरू हो रही थी। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग जोकि काफी प्रतिभाशाली है, इसे सीखकर अपना भविष्य स्वर्णिम बना सकता है। इसके अलावा बिजनैसमैन या अन्य कोई भी व्यक्ति वास्तु के प्रयोग से अपना व्यवसाय बढ़ा सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए आगामी 26 अप्रैल को सिरसा में वास्तु का महाउत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आचार्या श्वेता गर्ग ने बताया कि उनकी सेवाएं ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों मोड में चलती हैं।

### देश की तरक्की बिजनैस पर ही निर्भर

आज बड़े-बड़े लोग वास्तु शास्त्र की मदद ले रहे हैं। उन्होंने उदाहरण के तौर पर बताया कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, संसद भवन का निर्माण सहित कई ऐसे बड़े कार्य, जोकि वास्तु के कारण ही संपूर्ण हुए हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी देश की तरक्की बिजनैस पर ही निर्भर करती है। हर देश चाहता है कि वो अपने आप में आत्मनिर्भर हो, उसके देश का अपना वजूद हो। कोई भी बिजनैस हो अगर वो वास्तु शास्त्र के अनुसार काम करता है तो उसे सफलता अवश्य मिलती है। श्वेता गर्ग ने बताया कि वे देश में ही नहीं, अपितु विदेशों में भी वास्तु शास्त्र कार्य कर रही हैं और हजारों लोग अब तक इससे लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने घर के लिए वास्तु शास्त्र के कुछ आसान टिप्स देते हुए बताया कि घर का मुख्य प्रवेश द्वार साफ और अच्छी रोशनी वाला रखें, स्थिरता के लिए दक्षिण पश्चिम दिशा में भारी वस्तुएं रखें और सकारात्मक ऊर्जा के लिए उत्तर पूर्व दिशा को हमेशा साफ और खाली रखें।

## खबर संक्षेप

### वेबिनार में विद्यार्थियों को दी बजट की जानकारी

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज के बीए अर्थशास्त्र एवं वित्त विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए यूनियन बजट 2026-27 पर एक विस्तृत चर्चा सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सबका साथ, सबका विकास लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति विषय पर प्रस्तावित पोस्ट बजट वेबिनार के संदर्भ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यूनियन बजट 2026-27 की मुख्य विशेषताओं को समझाया गया। साथ ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी बजट चर्चा से संबंधित वीडियो भी विद्यार्थियों को दिखाया गया।

### पोषण पखवाड़ा में चलाया जागरूकता अभियान

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शुक्रवार को एनएसएस यूनिट द्वारा जारी पोषण पखवाड़ा संपन्न हुआ। प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज में पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढाने की दिशा में सराहनीय प्रयास है। इस अवधि के दौरान स्वयंसेवको द्वारा घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें नव माताओं, बच्चों तथा महिलाओं को संतुलित आहार, कुपोषण की रोकथाम और स्वास्थ्यवर्धक जीवन शैली के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए नौ स्क्रीन टाईम अभियान चलाया गया।

### विद्यालय प्रभारी स्व-गणना में लें भाग: ढिढारिया

**चोपटा।** खंड कार्यालय नाथूसरी चोपटा में खंड शिक्षा अधिकारी सतवीर सिंह ढिढारिया ने चोपटा खंड के सभी स्कूलों के प्रिंसिपल, हैडमास्टर और विद्यालय प्रभारी के साथ जनगणना 2027 की बैठक का आयोजन किया। कार्यक्रम में नाथूसरी चोपटा के तहसीलदार अजय कुमार ने जनगणना 2027 के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी को स्व-गणना करने और इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि परगणक और सुपरवाइजर का खंड नाथूसरी चोपटा का प्रशिक्षण कार्य पूरा हो गया है।

### एक और गांव के लिए खुला ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल

**सिरसा।** रबी 2025-26 में आगजनी के कारण गेहूं की फसल में हुए नुकसान का विवरण दर्ज करवाने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। प्रभावित किसान खसरा नंबर-किला नंबर के आधार पर आगामी 28 अप्रेल तक अपने नुकसान का विवरण पोर्टल पर दर्ज करवा सकते हैं। जिला राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार तहसील कालांवाली के गांव अलीकां के खसरा नंबर 60//17, 19, 20 से संबंधित प्रभावित किसान अपने नुकसान का विवरण दर्ज आगामी 28 अप्रेल तक करवा सकते हैं। इस नुकसान का आंकलन खसरा नंबर और प्रभावित क्षेत्र के आधार पर किया है।

## हाथों में उल्टी झाड़ू थाम सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

# वादा खिलाफी से भड़के जिले के सफाई कर्मचारी

सीएम ने 24 नवंबर 2024 को जींद रैली में की थी वेतन वृद्धि की घोषणा, धरातल पर कुछ नहीं बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा सरकार की बेरुखी और लंबित मांगों को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगरपरिषद के सैंकड़ों सफाई कर्मचारी सडक़ों पर उतरे। कर्मचारियों ने हाथों में उल्टी झाड़ू लेकर शहर भर में प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रधान नरेश राणा और राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तोषामड ने कर्मचारियों को संबोधित किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तोषामड और ब्लॉक प्रधान नरेश राणा ने कहा कि सरकार सफाई कर्मचारियों के साथ छलावा कर रही है। उन्होंने याद दिलाया कि मुख्यमंत्री ने 24 नवंबर 2024 को जींद की रैली में वेतन वृद्धि की सार्वजनिक घोषणा की थी, लेकिन धरातल पर अब तक कुछ भी नहीं बदला है। नेताओं ने इसे 99 प्रतिशत डीएससी समाज से आने वाले गरीब कर्मचारियों के साथ बड़ा विश्वासघात बताया है। सफाई कर्मचारी संघ ने सरकार के सामने अपनी मांगें स्पष्ट कर दी हैं। कर्मचारी संघ ने सरकार को चेतावनी देते हुए आंदोलन के अगले चरणों की घोषणा कर दी है। इसके तहत कल भी शहर में झाड़ू प्रदर्शन जारी रहेगा।

इसके बाद 27 और 28 अप्रैल को कर्मचारी 8 घंटे की क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठेंगे। यदि फिर भी सरकार ने मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो 1 और 2 मई को पूरे प्रदेश में चक्का जाम कर राज्यस्तरीय हड़ताल की जाएगी। आज के इस प्रदर्शन में जिला प्रधान विजय ढाका, अमित गिल, वीरू रत्ती, राजाराम, अनिल चौहान और ओम प्रकाश लॉट सहित सैकड़ों की संख्या में सफाई एवं सीवर कर्मचारी उपस्थित रहे।


फतेहाबाद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते नगरपरिषद कर्मचारी।


फतेहाबाद। मांगों को लेकर डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करती आंगनवाड़ी वर्कर्स।

### मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्करों का डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

मानदेय में 1500 व 750 की वृद्धि व 10 महीनों के बकाया की उठाई मांग

**फतेहाबाद।** यूनियन की प्रमुख मांगों में गुजरात की तर्ज पर हरियाणा की आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्पर्स को ग्रेच्युटी का लाभ देना, आंगनबाड़ी एवं क्रैच वर्करों के मानदेय में क्रमशः 1500 और 750 रुपये की वृद्धि लागू करना तथा पिछले 10 महीनों से बकाया केंद्र सरकार के हिस्से का मानदेय तुरंत जारी करना शामिल है। सुनीता झलनियां ने कहा कि प्रदेश सरकार एक तरफ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है वहीं दूसरी ओर आंगनबाड़ी वर्करों के हितों से खिलवाड़ किया जा रहा है। यूनियन ने विभाग के समक्ष यह भी मांग रखी है कि आंगनबाड़ी केंद्रों का किराया सीधे वर्करों के खाते में डाला जाए, क्योंकि वे अब तक अपनी जेब से मकान मालिकों को भुगतान कर चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, कार्यकर्ताओं ने पिछले तीन वर्षों से लंबित वर्दी के पैसे, दो साल से बकाया ईंधन व दलाई-पिसाई का भुगतान करने और मोबाइल रिचार्ज के लिए सालाना 3600 रुपये का खर्चा देने की मांग उठाई है। ज्ञापन में राशन की गुणवत्ता और मात्रा सुनिश्चित करने तथा मानदेय का भुगतान हर महीने की 7 तारीख तक करने पर भी जोर दिया गया है। इस अवसर पर सुनीता झलनिया, माया बेनीवाल, संदीप कमाना, पिंकी बबनपुर, पम्मी लालवास, कमलेश, दर्शना माजरा और कमला सहित सैकड़ों की संख्या में आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर उपस्थित रहीं। यूनियन नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि यदि मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होंगी।

## युवाओं के मुद्दे पर देवीलाल परिवार एक सुर में : दिग्विजय


सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते दिग्विजय चौटाला।

- केन्द्र सरकार करे हस्तक्षेप की मांग, कहा : नहीं मिला कोई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने हिसार में आगामी 27 अप्रैल को होने वाली महापंचायत के लिए कार्यकर्ताओं को लामबंद करते हुए हरियाणा सरकार पर तीखा हमला बोला है। शुक्रवार को फतेहाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं और छात्रों की आवाज दबाई जा रही है, जिसके विरोध में पूरा हरियाणा एकजुट होगा। इससे पहले उन्होंने 27 अप्रैल की महापंचायत में हिसार पहुंचने के लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आमंत्रित भी किया। दिग्विजय चौटाला ने आरोप लगाया कि हरियाणा में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने दावा किया कि सिरसा की जाट धर्मशाला में देर रात हथियारबंद लोग दीवार फांदकर घुसे और वहां आतंक मचाया। इसके साथ ही उन्होंने भिवानी में कुछ संदिग्ध गाड़ियों द्वारा उनका पीछा किए जाने की बात भी कही। हरियाणा सरकार और डीजीपी सो रहे हैं, इसलिए मैं केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की गुजारिश करता हूँ ताकि प्रदेश को बचाया जा सके।

### प्रदेश में अराजकता का माहौल: चौटाला

**सिरसा।** जेजेपी नेता दिग्विजय चौटाला ने कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल है और प्रदेशवासी भय के साये में जी रहे हैं। चौटाला ने कहा कि सिरसा की जाट धर्मशाला में कुछ हथियारबंद लोगों का आना और धर्मशाला के कमरों की तलाशी लेकर दीवार फांदकर फरार होने की घटना कानून व्यवस्था की पोल खोल रही है। इस घटना की पुलिस प्रशासन द्वारा जांच कर शहरवासियों के समक्ष सच्चाई लाई जानी चाहिए। उन्होंने इस दौरान बीते गुरुवार को अज्ञात लोगों के जाट धर्मशाला में घुसने की वीडियो भी मीडिया कर्मियों से सांझी की। वीडियो में नजर आ रहा है कि उपरोक्त लोगों में से दो के पास एके-47 है जबकि एक के पास पिस्टल व एक व्यक्ति के पास कार्बाईन है।

## लोकतांत्रिक तरीके से हासिल करेंगे न्याय: चौटाला

- 27 को हिसार के क्रांतिमान पार्क में होगी महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने कहा कि 27 अप्रैल को हिसार के क्रांतिमान पार्क में प्रस्तावित छात्र महापंचायत में केवल इनसो नहीं बल्कि प्रदेशभर के सभी छात्र संगठनों के साथ-साथ विभिन्न खाप पंचायतों के प्रतिनिधि व राजनीतिक पार्टियों के नेता भी शामिल होंगे जो इस गंभीर मसले पर आगामी रणनीति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। अजय चौटाला शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। अजय चौटाला ने कहा कि पूर्व डिप्टी सीएम के काफिले को रोकने व हथियार लहराने के मुद्दे पर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने न्यायालय में याचिका दायर कर न्याय की मांग की थी जिस पर न्यायालय ने यह याचिका स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा कि इससे न्याय की उम्मीद काफी बढ़ गई है।


सिरसा। कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते अजय चौटाला।

### भाजपा ने रचा षड्यंत्र

राज्य सरकार की ओर से जेजेपी को बदनाम करने के उद्देश्य से ही यह षड्यंत्र रचा गया, सीधे स्पष्ट रूप से सरकार हर कदम पर इस षड्यंत्र में शामिल थी। उन्होंने कहा कि पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाकर सरकार ने ऐसे षड्यंत्र की रचना की मगर पार्टी किसी भी अन्याय के आगे नहीं झुकेगी और लोकतांत्रिक तरीके व न्यायालय के माध्यम से न्याय हासिल करेगी। इस मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## व्यापक कार्ययोजना के साथ काम करें अधिकारी : एडीसी

- बैठक में कैच द रेन अभियान पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जल शक्ति अभियान के तहत चलाई जा रही 'जल संचय जन भागीदारी' (जेएसजेबी) पहल के तहत शुक्रवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान एडीसी अर्पित संगल ने स्कीम के तहत अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट ली। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि इस महत्वपूर्ण परियोजना की रफ्तार को और तेज़ किया जाए , ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी और सरकार-गैर सरकारी संसाधनों के सहयोग से भू-जल (भूजल) स्तर को बढ़ाना है। इसके अलावा वर्षा जल संचयन और रिचार्ज बोरवेल संरचनाओं का निर्माण करना है। यही नहीं ज्यादा से ज्यादा जागरूकता के माध्यम से भू-जल गुणवत्ता में सुधार और पानी की बचत को बढ़ावा देना है। बैठक में एडीसी ने 'कैच द रेन' अभियान के बारे में चर्चा की, ताकि पानी की एक एक बूंद को सहेजा जा सके।


सिरसा। बैठक को संबोधित करते एडीसी अर्पित संगल।


फतेहाबाद। बैठक में आस्ट्रेलिया यूथ विंग के अध्यक्ष गगन चुघ का स्वागत करते ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के पदाधिकारी।

### बैठक में समाज हित और विस्तार पर हुई चर्चा

**फतेहाबाद।** अनाज मंडी स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, इसकी कार्यप्रणाली के विस्तार और समाज कल्याण के कार्यों को और अधिक गति देने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्मपाल चावला और महिला जिला अध्यक्षा डॉ. सुमन बजाज ने संयुक्त रूप से की। बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा के दिशा-निर्देशों और प्रदेश अध्यक्ष सूर्यवंशी ओमप्रकाश चुघ के मार्गदर्शन में संगठन को सक्रिय बनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर ऑस्ट्रेलिया से यूथ विंग के अध्यक्ष गगन चुघ विशेष रूप से राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचे। गगन चुघ, जो कि प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ के सुपुत्र हैं, ऑस्ट्रेलिया में संगठन के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष से आशीर्वाद लिया, जहां संगठन के सभी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

## परीक्षा में सफलता के लिए अनुशासन व आत्म नियंत्रण आवश्यक : सारस्वत

- माधोसिंघाना में आईएएस दीपांशु जिंदल का भव्य अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित दीपांशु जिंदल के सम्मान में अभिनंदन समारोह एवं युवा प्रेरणा संगोष्ठी का आयोजन पंचायत भवन गांव माधोसिंघाना में किया गया, जिसमें अनेक विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम में गांव के आईएएस विजयवर्धन सारस्वत और उनकी धर्मपत्नी आईएएस रीतिका ने भी भाग लिया। विजयवर्धन सारस्वत ने पांच शब्दों नियत, निश्चय, नियम, निरंतरता एवं नीति के महत्व बताते हुए कठिन परीक्षा में सफलता पाने के लिए अनुशासन और आत्मनियंत्रण आवश्यक बताया। उन्होंने बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। आईएएस रितिका ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे बेटियों और बहुओं को आगे बढने के अवसर दें। उन्होंने कहा कि जब बेटियां आगे बढ़ेंगी, तभी समाज और देश प्रगति करेगा। दीपांशु ने सफलता का श्रेय स्व. माता-पिता, शिक्षकों और बड़ी बहन रितिका को दिया।


सिरसा। आईएएस दीपांशु जिंदल का अभिनंदन करते ग्रामीण।

## जिले की हर पंचायत को 'आदर्श व आत्मनिर्भर' बनाना लक्ष्य: खिचड़

- सत्ता का विकेंद्रीकरण अंतिम व्यक्ति को शासन में भागीदारी बनाने का पवित्र अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर जिला परिषद फतेहाबाद की अध्यक्ष सुमन खीचड़ ने जिले के नागरिकों और पंचायती राज प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए एक विस्तृत विजन जारी किया। उन्होंने इस दिन को भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का उत्सव बताते हुए कहा कि फतेहाबाद की प्रत्येक पंचायत को 'आदर्श और आत्मनिर्भर' बनाना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' के विचारों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता का विकेंद्रीकरण अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को शासन में भागीदार बनाने का एक पवित्र अनुष्ठान है। जिला परिषद अध्यक्ष सुमन खीचड़ ने विकास के 'फतेहाबाद मॉडल' की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए बताया कि जिला परिषद ग्रामीण सशक्तिकरण का जीवंत केंद्र बन चुकी है। उन्होंने हाल ही में 14 ग्राम पंचायतों में गौशालाओं के भीतर आधुनिक शेड निर्माण के कार्यों का उल्लेख किया, जिसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती की दिशा में बड़ा कदम बताया।


सुमन खिचड़।

### पानी व सीवरेज बिलों पर ब्याज और जुर्माना माफ योजना भाजपा सरकार का केवल दिखावा: बियानी

**सिरसा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आनंद बियानी ने बताया कि पानी व सीवरेज के बिलों पर ब्याज व जुर्माना माफ योजना केवल भाजपा सरकार का दिखावा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अगर पानी और बिजली आदि पर ब्याज व जुर्माना माफी की योजना चलाती है तो उसके पीछे आम आदमी को राहत देने के साथ-साथ बिना सख्ती बरते बकाया बिलों को वसूली कर राजस्व में बढ़ोतरी करना होता है परंतु प्रदेश की भाजपा सरकार ने पानी व सीवरेज बिलों में सरचार्ज व ब्याज माफ की घोषणा के साथ-साथ मीटर युक्त पानी कनेक्शन की जो शर्त रखी है, उससे नाममात्र लोगों को ही फायदा होगा तथा राजस्व बढ़ोतरी में भी कोई विशेष लाभ नहीं होने वाला। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री नायब सैनी आम जनता को फायदा पहुंचाना तथा राजस्व को बढ़ाना चाहते हैं तो मीटर युक्त कनेक्शन के बजाय मीटर लगवाने के बाद ही ब्याज व जुर्माना माफ की शर्त लागू करें, इससे सरकार के दोनों मकसद हल हो जाएंगे, राजस्व भी प्राप्त होगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## रामसरा में पूर्व सरपंच की पुण्यतिथि पर उमड़ा उत्साह, रिकॉर्ड रक्तदान

# एक यूनिट रक्त तीन जिंदगियों को बचाने में सहायक : डॉ. अनु

*शिविर में मात्र 2 घंटे में 65 यूनिट रक्त किया एकत्रित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

गांव रामसरा के पूर्व सरपंच स्वर्गीय होशियार सिंह झाझड़ा की 5वीं पुण्यतिथि के अवसर पर खुशी नई उम्मीद संस्था के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं का जोश इस कदर था कि मात्र 2 घंटे के भीतर ही अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की टीम ने 65 यूनिट रक्त एकत्रित कर लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गांव के गणमान्य व्यक्तियों और स्व. होशियार सिंह झाझड़ा सरपंच के परिजनों द्वारा उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित जनसमूह ने उन्हें नमन करते हुए उनके द्वारा गांव के विकास और समाज सेवा में दिए गए योगदान को याद किया। शिविर में मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे सरपंच प्रतिनिधि पवन बंसल ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान वास्तव में महादान है। उन्होंने कहा, हमारे द्वारा दी गई रक्त की एक बूंद किसी मरणासन्न व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकती है। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से पहुंची डॉ. अनु ने रक्तदाताओं को तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि एक यूनिट रक्त से तीन अलग-अलग घटक तैयार किए जा सकते हैं, जो तीन अनमोल जिंदगियों को बचाने में सहायक होते हैं।


भट्टूकलां। गांव रामसरा में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते अतिथिगण।

### युवाओं में सेवा के संस्कार होना जरूरी

समाजसेवी राज गोदारा, संस्कार विद्या पीठ ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ युवाओं में सेवा के संस्कार होना अनिवार्य है, तभी वे राष्ट्र के श्रेष्ठ नागरिक बन सकते हैं। समाजसेवी सतबीर सहारण ने इस पहल को समाज के लिए एक सकारात्मक दिशा बताने वाला कदम करार दिया। संस्था के चेयरमैन और प्रख्यात रक्तदाता मोटीवेटर गोपाल बंसल ने रामसरा के युवाओं की एकजुटता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह का उत्साह संस्था को समाज हित में कार्य करने के लिए नई ऊर्जा प्रदान करता है। शिविर के समापन पर निस्वार्थ भाव से रक्तदान करने वाले सभी युवाओं और ग्रामीणों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मोनू राठौड़, देवीलाल झाझड़ा, लीलू राम झाझड़ा, सूबेदार जगमाल झाझड़ा, सतपाल ढाका, छोटू शर्मा, रोहताश पुजारी, विजय शर्मा, संदीप इंसा, सुभाष झाझड़ा, अमित राठौड़, हनुमान बेनीवाल, द्वारका प्रसाद जोशी, कुलदीप भांभू, मदन लाल, पंचायत सचिव शेखर सुडा, डीपी सतबीर सिंह, महावीर शर्मा, मदन घोटड और अशोक पटवारी सहित भारी संख्या में ग्रामीण व प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।